भारत सरकार
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1202
09 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए नियत

"उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन योजना"

1202. श्री वी. के. श्रीकंदन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन योजना जिसमें ऑटोमोबाइल क्षेत्र भी शामिल है, पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह योजना दस क्षेत्रों में लागू की जाएगी जिस पर पांच वर्षों के दौरान 145980 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (घ) : जी, हाँ। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने भारत की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए 5 वर्षों की अवधि हेतु ऑटोमोबाइल एवं ऑटो संघटक क्षेत्र सहित 10 विनिर्दिष्ट प्रमुख क्षेत्रों को 1,45,980 करोड़ रुपये के वित्तीय आवंटन के साथ उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम आरंभ करने के लिए 11 नवम्बर, 2020 को अनुमोदन दिया है। भारत में ऑटोमोटिव उद्योग एक प्रमुख आर्थिक योगदानकर्ता है। पीएलआई स्कीम से भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग अधिक प्रतिस्पर्धी बनेगा और भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र के वैश्वीकरण में तेजी आएगी।

****